## सीवर लाइन के गड्ढों में फंसे वाहन, पैदल चलना हुआ मुश्किल

# बे मौसम बारिश में स्मार्ट सिटी की हालत बिगड़ी

**सतना।** शहर में ममता पांडे के महापौर कार्यकाल में प्रारंभ हुआ स्मार्ट सिटी का काम वर्तमान महापौर योगेश ताम्रकार के कार्यकाल में भी कछुआ गति से चल रहा है। हालत यह है कि सीवर लाइन और पानी की पाइपलाइन के लिए शहर के अधिकांश इलाकों में सड़क खोद दी गई हैं। जिसकी वजह से गुरुवार को हुई बे मौसम बारिश में स्मार्ट सिटी की तबीयत बिगड़ गई। नतीजतन जगह-जगह गड्ढों में छोटे-बड़े वाहन फंस गए।इतना ही नहीं हालात यह है कि अब लोग पैदल भी नहीं चल पा रहे हैं। नगर निगम और स्मार्ट सिटी के कामकाज की अगर यही गति रही तो आने वाले बरसात के मौसम में पूरा शहर कीचड़ और गड्ढों से भरा नजर आएगा। बारिश में आवागवन कितना कठिन हो जाएगा कि जिसका अंदाजा लगा पाना भी मुश्किल है।



### नरक बन गया जवाहर नगर

जवाहर नगर में दादा सुशील सिंह स्टेडियम के पीछे गली नंबर 10 में पिछले 5 महीने से सीवर लाइन और पानी की पाइपलाइन का काम चल रहा है। जिसके लिए पूरी सड़क खोद दी गई है। सड़क को ठीक करने के लिए इलाके के लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों से गुहार भी लगाई लेकिन उसका कोई असर नजर नहीं आया है। हालत यह है कि गुरुवार को हुई बारिश की वजह से यह क्षेत्र नरक में तब्दील हो गया है। लोग यहां वाहन क्या पैदल आने-जाने में भी परेशानी का सामना कर रहे हैं।

### बाजार क्षेत्र में भी दुर्गति

वार्ड नंबर 41 में सिविल लाइन के लिए खोदी गई सड़क पर मरम्मत का काम जरूर किया गया है लेकिन अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं देने की वजह से ठेकेदार ने मनमानी की है और बारिश की वजह से लालता चौक,गांधी चौक के अलावा जयस्तंभ चौक आदि इलाकों में कीचड़ हो गया है। यहां पर लोग दो पहिया वाहन से गिर रहे हैं। बारिश के पहले पूरा बाजार धूल के गुबार से नहाया रहता था अब कीचड़ हो गया है। जैसे ही धूप निकलेगी फिर से धूल का गुबार 24 घंटे नजर आएगा।

### ईदगाह चौक में भारी कीचड़

जय स्तंभ चौक से पूरब दिशा की ओर टिकुरिया टोला जाने वाले मार्ग के पहले सब्जी मंडी ईदगाह चौराहे पर सिविल लाइन के लिए सड़क खोदे जाने के बाद यहां पर बारिश से स्थिति और बिगड़ गई है। इलाके के लोग बताते हैं कि पूरा कीचड़ दुकान तक आ गया है। इसके पहले पूरी धूल दुकान में आती थी। इलाके के जमुना जायसवाल नामक व्यक्ति ने बताया कि यहां पर पैदल और दो पहिया वाहन से चलना मुश्किल हो रहा है।

### बांस नाका का इलाके में वाहन फंसा

सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़क में कीचड़ हो जाने के कारण बांस नाका इलाके में गुरुवार को बारिश में चार पहिया वाहन गड्ढे में फंस गया। जिसको निकालने की लोगों ने भारी मेहनत की लेकिन घंटो प्रयास के बाद भी वह सफल नहीं हो सके। क्षेत्र के लोग बताते हैं कि लगातार बारिश के होने के कारण यहां पर सड़क में जगह-जगह भारी कीचड़ हो गया है। मुन्ना भाई टेंट वाले कहते हैं कि कई बार ठेकेदार से निवेदन किया गया कि वह सड़क को ठीक कर दे लेकिन उसने भी नहीं सुना। लोगों में भारी नाराजगी है।

### हालात का जायजा लेने नहीं निकले अधिकारी

देर शाम तक खबर लिखे जाने तक हल्की बारिश का दौर जारी रहा। इस बीच जगह-जगह कीचड़ और उत्पन्न हुई समस्याओं का जायजा लेने के लिए नगर निगम के अधिकारी सड़क पर नजर नहीं आए। नागरिकों की नाराजगी यह है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में सड़क पर नेता नजर आते थे लेकिन चुनाव के बाद समस्या जानने के लिए कोई नहीं आ रहा है। जिन अधिकारियों को समस्या का निराकरण करना है वह भी सड़क पर नजर नहीं आ रहे हैं।

### शहर और गांवों में घंटों गुल रही बिजली

आंधी और पानी का प्रभाव बिजली पर ज्यादा पड़ा है। शहरी क्षेत्र और ग्रामीण इलाकों में आंधी और पानी के बाद घंटे बिजली गुल रही। कुछ इलाकों में बिजली थोड़ी देर के लिए आई और उसके बाद फिर से बंद हो गई। लाइट गुल होने की वजह से नागरिकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। यहां खास बात यह है की बारिश होने की पहले भी पिछले कई दिनों से एक दिन में कई बार बिजली गुल होने की घटनाएं हो रही हैं। ऐसी स्थिति में लोग भीषण गर्मी में दिन और रात गुजारने के लिए भी मजबूर रहते हैं। गुरुवार को बारिश होने के बाद फिर से पूरे जिले भर में बिजली की व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गई। बिजली गुल होने को लेकर कंपनी के कई अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन अधिकांश अधिकारियों में फोन नहीं उठाया। कई जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने मोबाइल फोन ही बंद कर लिए थे।

**खबर संक्षेप**

### धनेह गांव में बारिश में एक व्यक्ति कच्चा मकान गिरा



**सतना।** उचेहरा तहसील अंतर्गत नागौद उचेहरा मार्ग के मध्य धनेह गांव में माधव प्रसाद कुशवाहा पिता घासिल प्रसाद का घर बारिश में गिर गया। बताया जा रहा है कि माधव प्रसाद दिव्यांग भी है, बीते दिवस तेज आंधी तूफान के चलते उसके घर का छज्जा उड़ा था और आज पुनः शाम के वक्त वरसात होनें से कच्ची दिवाल गिर गई। जिस वजह से उसका गृहस्ती का सामान भीग गया।

### मैहर जिले का नाम रोशन करने पर अक्षत पाण्डेय को बधाई



**सतना।** मैहर जिले के निवासी अक्षत पाण्डेय को यूपीएससी परीक्षा 2023 उत्तीर्ण कर आईएफएस कैडर में 29वीं रैंक हासिल करने पर कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मैहर निवासी अक्षत पाण्डेय के पिता राजेश पाण्डेय जनसंपर्क संचालनालय भोपाल में जनसंपर्क अधिकारी हैं तथा उनकी माता ऋतु पाण्डेय ग्रहणी है। अक्षत पाण्डेय द्वारा मैहर जिले का नाम रोशन करने पर कलेक्टर रानी बाटड ने अक्षत और उनके माता-पिता को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है। जनसंपर्क अधिकारी राजेश सिंह और जिला जनसंपर्क कार्यालय सतना के कर्मचारियों द्वारा भी अक्षत पाण्डेय की उपलब्धि पर खुशी जाहिर की गई है।

### सतना जिले को बाल विवाह रहित बनाने में सहयोग करें सेवा प्रदाता

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने वैवाहिक कार्यक्रम में सेवायें देने वाले सेवा प्रदाताओं से अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह को रोकने एवं सतना जिले को बाल विवाह रहित बनाने में सहयोग की अपेक्षा की है। कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले के प्रिटिंग प्रेस एसोसियेशन, हलवाई,केटरर,धर्मगुरु,बैंड-बाजा,घोड़ा वाला,ब्यूटी पार्लर,टेंट हाउस एवं ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन के संचालकों से कहा है कि बाल विवाह की स्थिति प्रतीत होने पर विवाह के पूर्व वर-वधु के उम्र संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण अवश्य कर लें। शासन द्वारा विवाह के लिये बालकों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं बालिका की 18 वर्ष निर्धारित की गई है। इसी प्रकार प्रिटिंग प्रेस के संचालक विवाह पत्रिका में 'वर-वधु बालिग हैं' के स्थान पर 'वर-वधु की विवाह योग्य विधि अनुरुप मान्य उम्र है' का उल्लेख करें। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा है कि अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रायः अत्याधिक संख्या में विवाह संपन्न होते हैं। जिसमें बाल विवाह होने की अधिक संभावनाएं होती हैं। बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है। इस कुरीति को रोकने के लिये सभी की सहयोग की आवश्यकता है। बाल विवाह से संबंधित सामाजिक प्रथाओं और मानसिकता में बदलाव लाने के उद्देश्य से शासन द्वारा वर्ष 2013 से लाडो अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम के प्रयास किये जा रहे हैं।



## कृषि उपज मंडी में पानी से भीगी फसल

**सतना।** बारिश ने प्रशासन के इंतजामों की पोल खोल दी है। गुरुवार को हुई तेज बारिश के कारण बिरला विकास अस्पताल के पीछे स्थित कृषि उपज मंडी में किसानों की फसल पानी में पूरी तरह से भीग गई। यहां पर कई जगहों पर टीन शैड नहीं लगे हैं जिसकी वजह से पानी चबूतरे में रखी फसल के ऊपर गिरा और पूरी फसल भीग गई। इसी तरह से यहां पर सड़क में जगह-जगह अनाज रखा हुआ है। जो पूरी तरह से भीग गया है और यही स्थिति रही तो अनाज बर्बाद हो जाएगा। वैसे तो यह बेमौसम में फसल के भीगने का मामला है बारिश के दिनों में यहां पर सरकारी अनाज भी इसी तरह पानी में भीगता और सड़ता रहता है।




## मुख्तियारगंज में वेंकटेश लोक के दरवाजे पर दादागिरी, बुधवार की रात हुई जमकर मारपीट

### दो लोग घायल, अस्पताल में चल रहा है इलाज







**सतना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के मुख्तियार गंज इलाके में स्थित वेंकटेश लोक में दरवाजे पर दादागिरी और मारपीट की घटना से इलाके के लोग दहशत में आ गए हैं। इस घटना में दो युवक घायल हुए हैं। जिन्हें सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपियों को विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है। घटना की जांच की जा रही है। सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए घायल के एक साथी ने बताया कि वह लोग वेंकटेश लोक के भीतर बैठे थे और मेन गेट पर दो पक्षों के बीच में मारपीट हो रही थी। जैसे ही हम लोग बाहर निकले हैं मारपीट कर रहे लोगों ने दोस्त को पकड़ लिया और उसके साथ लाठी डंडे और लोहे की राड से मारपीट करने लगे मना करने पर भी कोई नहीं मान रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक आरोपी फरार हो गए। घरेलू अस्पताल लाया गया जहां पर उनका इलाज किया गया। एक जानकारी के मुताबिक वेंकटेश लोक में सामाजिक तत्व ही सकरी रहते हैं जिनके द्वारा अनैतिक कृतियों को अंजाम दिया जा रहा है।

## कलेक्टर ने मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये संपन्न हुये मतदान की पोल्ड ईवीएम स्ट्रांग रुम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गई है। जिसकी चौबीसों घंटे सुरक्षा बलों के जवानों द्वारा और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा पोल्ड ईवीएम के लिये निर्धारित स्ट्रांग रुम का प्रतिदिन निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने गुरुवार को स्ट्रांग रुम के नियमित निरीक्षण के क्रम में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतगणना के लिये की जा रहीं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये मत गणना स्थल की व्यवस्था और सुरक्षा संभाल रहे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मतगणना के लिये शा.उ.उ.माध.विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना के नवीन भवन में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने मतगणना स्थल की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होने निर्देश दिये कि मतगणना स्थल पर केवल प्राधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश करने की अनुमति रहेगी। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।



# 20 मई तक सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन की आधी शिकायतें कम करें: रानी बाटड

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के अधिकारियों को लंबित कुल शिकायतों में से 50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण 20 मई तक अनिवार्य रुप से कर लेने का लक्ष्य दिया है। गुरुवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि मैहर जिले में इस सप्ताह 11 हजार 162 शिकायतों में से 707 शिकायतें कम हुई हैं।

फिलहाल छोटे जिले में 10455 कुल शिकायतों का लंबित रहना चिंताजनक है। उन्होने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन को फोकर कर 20 मई तक आधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर रानी बाटड ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में भविष्यात्मक निराकरण नहीं दर्ज किये जायें। इसी प्रकार जिन मांग या नियमानुसार निराकरण नहीं होने वाली शिकायतों को फोर्स क्लोज के बजाय डिमांड क्लोजर करें।प्रसूति सहायता से संबंधित सीएम हेल्पलाइन के बीएमओ मैहर,रामनगर, अमरपाटन के लंबित प्रकरणों में अधिकारियों को स्वयं परीक्षण कर सुधार कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि भविष्यात्मक निराकरण का जवाब पोस्ट करने पर कार्यवाही की जायेगी। पंचायतीराज, ग्रामीण विकास और सीएम एलबीवाय के अधिक संख्या में प्रकरण लंबित होने पर कलेक्टर ने तीनों सीईओ के प्रति नाराजगी जाहिर की। उन्होने कहा कि एक-एक शिकायत का निराकरण अधिकारी स्वयं देखकर करें और 20 मई तक 50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें, अन्यथा सीईओ जनपद का एक माह का वेतन काटा जायेगा। कलेक्टर ने मैहर जिले के शाला भवन की स्वीकृति और मरम्मत के प्रस्ताव बिना कलेक्टर के संज्ञान में लाये शासन को भेजने पर डीपीसी के प्रति अप्रसन्नता व्यक्त की। खाद्य सुरक्षा निरीक्षक के मुख्यालय मैहर में नहीं रहने,निर्देशों के बाद भी मैहर में सैंपलिंग की कार्यवाही नहीं करने,जुर्माना अधिरोपण के आदेशों के बाद भी वसूली निरंक होने पर कलेक्टर ने एक माह की वेतन रोकते हुये नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में आरटीओ, वन, श्रम, जन जातीय कार्य विभाग, आरईएस एसडीओ, नागरिक आपूर्ति निगम, मार्कफेड के अधिकारी या किसी प्रतिनिधि के उपस्थित नहीं रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

### मैहर कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समीक्षा

## पुलिस की नाकामी से व्यापारियों में नाराजगी

**सतना।** विन्ध्य चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज की गुरूवार को चेम्बर सभागार मे आयोजित आपात बैठक मे शहर के लापता व्यापारी प्रकाश लालवानी के एक माह बीते जाने के बाद भी पुलिस का हाथ खाली होने पर व्यापारियों ने काफी आक्रोश व्यक्त किया और एकमत अनुरोध किया कि चेम्बर कड़ा एक्शन ले। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि कपड़ा व्यापारी प्रकाश लालवानी लगभग एक माह से लापता है उनके परिजनों व चेम्बर द्वारा पुलिस मे शिकायत के बावजूद आज दिन तक इस केस का खुलासा नही हो पाया। जिस कारण यह बैठक आजोजित करनी पड़ी। जहां एक ओर भय का वातावरण है वहीं दूसरी ओर पुलिस व्यवस्था के प्रति लोगों के मन मे निराशा के भाव उत्पन्न हो रहे। उपस्थित सभी व्यापारियों एवं परिवार जनों ने मिल कर निर्णय लिया कि प्रकाश लालवानी को खोजने एवं पुलिस प्रशासन एवं जन प्रतिनिधियों से बात करने के लिए विन्ध्य चेम्बर नेतृत्व करे विन्ध्य चेम्बर द्वारा पूर्व अध्यक्ष कमलेश पटेल को संघर्ष समिति का संयोजक नियुक्त किया गया। चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने इस घटना पर किसी प्रकार का खुलासा न होने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस के प्रति लोगों में आक्रोश साफ देखा जा सकता है। साथ ही कहा कि इस बैठक के कारण पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ है सभी जगह पोस्टर चिपकाएं जा रहे है।

### क्रमबद्ध आंदोलन करेगा विन्ध्य चेम्बर

व्यापारियों की बैठक मे क्रमबद्ध आंदोलन का खाका तैयार किया गया है। शुक्रवार को विन्ध्य चेम्बर के नेतृत्व मे सभी 32 सहयोगी संस्था के साथ पुलिस अधीक्षक को सायं 4 बजे ज्ञापन दिया जाएगा एवं अतिशीघ्र कार्यवाही की मांग की जायेगी। द्वितीय चरण मे 13 मई सोमवार को सभी व्यापारी अग्रसेन चौक मे एकत्र होकर हाथों मे काली पट्टी बांधकर मौन जूलूस निकालेंगे। इस सब के बाद भी अगर पुलिस प्रशासन व्यापारी को ढूंढने मे नाकाम रहता है तो चेम्बर पुनः बैठक करके कड़े एक्शन लेने मे मजबूर होगा। इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी,कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल,महामंत्री संदीप कुमार जैन,चेम्बर पूर्व अध्यक्ष कमलेश पटेल,मनोज शर्मा,घनश्याम दास सोनी, संदीप चमड़िया,आशीष मोंगिया,अनिल मोटवानी,हिमांशु अरोरा,जेठानन्द वाधवानी,राजकुमार रिझवानी, अशोक खानेचर,रोहित अग्रवाल,विनोद कुमार गुप्ता,पंकज आहूजा,चन्द्रकांत वाधवानी,गोपी गेलानी, चितेश ठक्कर,चन्द्रभान दासानी,अभिषेक जैन,विनोद गेलानी,भरत गंगवानी,मनोज वालेजा राजेश कुमार लालचंदानी, धनश्याम मंघरानी,विनोद गर्ग,संजय अग्रवाल,रिंकू अग्रवाल,विनोद असरानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया अभिलेखागार का निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गत बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राजस्व अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया और संधारित अभिलेखों की विस्तृत जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित लिपिक से रिकार्ड संधारण की प्रक्रिया पूछी और विभिन्न पंजियों का अवलोकन कर बेहतर व व्यवस्थित तरीके से महत्वपूर्ण अभिलेख व दस्तावेजों के संधारण के लिए निर्देशित किया। रिकार्ड रूम के लिए उपलब्ध अतिरिक्त स्थान के संबंध में भी जानकारी ली। इस मौके पर अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र भी उपस्थित रहे।

### बाल विवाह पर होगी कार्यवाही

**पन्ना।** बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। साथ ही ऐसे विवाह में शामिल होने वाले सभी व्यक्ति भी अपराध की श्रेणी में आते हैं। बाल विवाह में शामिल परिवार वालों व सभी सेवा प्रदाताओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 10 के तहत बाल विवाह का अनुष्ठान करने के लिए दण्ड का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत किसी व्यक्ति द्वारा बाल विवाह को संपन्न अथवा संचालित करने, निर्दिष्ट या दुष्प्रेरित करने पर दो वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा एक लाख रूपए तक के जुर्माना से दण्डित किया जा सकेगा। संबंधित को यह साबित करना होगा कि उसके पास यह विश्वास करने का कारण था कि संपन्न होने वाला विवाह बाल विवाह नहीं था। जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर ने बताया कि बाल विवाह के कारण बालिकाओं की शिक्षा व स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास नहीं हो पाता। समस्त जनप्रतिनिधियों, जातीय संगठनों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्था तथा समाज सेवकों से अपने क्षेत्र में बाल विवाह की रोकथाम के लिए सक्रिय सहयोग की अपील की गई है। साथ ही जिन परिवारों में बाल विवाह आयोजित हो रहे हैं, उनसे संपर्क कर बाल विवाह न करने की समझाईश देने और नहीं मानने की स्थिति में निकटतम थाने में सूचना देने के लिए कहा गया है। सभी के सहयोग से यह प्रयास बाल विवाह को रोकने में मददगार साबित होने के साथ ही स्वस्थ्य समाज को जन्म देगा। बाल विवाह आयोजन संबंधी सभी सूचनाएं कॉल सेन्टर नंबर 07732-250022 अथवा चाइल्ड लाइन नंबर 1098 या डायल 100 पर भी दी जा सकती है।

### पशुओं को लू से बचाव के लिए सलाह

**पन्ना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ग्रीष्म ऋतु में पशुओं को लू से बचाव के संबंध में आवश्यक सलाह जारी की गई है। विभाग के उप संचालक डॉ. डी.पी. तिवारी ने जिले के सभी पशुपालकों एवं गौशाला संचालकों से अपील करते हुए कहा है कि सूरज की तेज गर्मी के कारण गर्म हवाएं चलने से पशुओं को लू लगने एवं बीमार होने की संभावना अधिक बनी रहती है। गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान से जानवरों को लू लगने एवं शरीर में पानी की कमी होने से पशु को तेज बुखार आता है। इसके लक्षण नाक से श्राव का बहना, आंखों से आंसू गिरना, तेज सांस लेना और सुस्त होकर खाना पानी बंद करना इत्यादि हैं। इसलिए पशुओं को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक खुला न रखने, पशुओं को गौशाला में ठण्डे व छायादार आवास में रखने के साथ गौशाला व पशुओं के आवास की नियमित साफ-सफाई करना आवश्यक है। साथ ही गर्मी के दिनों में दिन में ठंडे पानी से पशुओं को नहलाना चाहिए। ठंडा और स्वच्छ पानी भी पर्याप्त मात्रा में पिलाना जरूरी है। पशुओं को ठोस आहार न देकर तरलयुक्त नरम आहार खिलाना चाहिए। सभी पशुपालकों से पशुओं के लू लगने एवं बीमार होने पर तत्काल निकट के पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक से संपर्क कर तत्काल उपचार कराने का आग्रह भी किया गया है।

# क्रेशर के संचालन को लेकर छापामार कार्यवाही

**बिना पिट पास के दो ट्रेक्टर व एक डम्फर पर एस.डी.एम ने की कार्यवाही धरे गये**

जिले के अजयगढ़ तहसील में अवैध कारोबार करने वालों की खैर नहीं एस.डी.एम. कुशल सिंह गौतम जिनकी कार्यप्रणाली स्वयं ही प्रख्यात है अजयगढ़ हो या पवई या फिर गुनौर जहां दायित्व मिला वहां किसी भी तरह का अवैध कारोबार करने में कार्यवाही का शिकार होना ही तय है जो हुआ।







पन्ना।

अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन जो हो रहा था अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम बरौली में अवधेश सिंह परिहार के यहां एस.डी.एम. कुशल सिंह गौतम ने छापा मारा क्रेशर तो बंद मिला पर बिना रॉयल्टी के गिट्टी परिवहन करने वाले ट्रेक्टर व डम्फर धरे गये।

कानून का पालन कराये जाने को लेकर जिम्मेदार अधिकारी जब ठान लेते है तो माफियाओं के ऊपर कार्यवाही पटल पर हो जाती है ऐसी ही दास्तां अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम बरौली के पास अवधेश सिंह परिहार की अवैध क्रेशर जो चल रही थी जहां अजयगढ़ एस.डी.एम. कुशल सिंह गौतम ने छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया क्रेशर तो बंद मिला व0हीं कर्मचारी भी नदारद हो गये। सूत्रों की मानें तो बिना रॉयल्टी के पिट पास गिट्टी उत्तर प्रदेश व म.प्र. दोनों जगह के गांवों के लिये सप्लाई होती थी जहां सरकार को जो रॉयल्टी मिलना चाहिये उसका खामियाजा भुगतना पड़ता था राजस्व रॉयल्टी के रूप में नहीं मिलता था। गौरतलब बात यह है कि क्रेशर कैसे लग गया कैसे बिना रॉयल्टी के चलता रहा आखिर खनिज विभाग क्या अंजान रहा। कुछ समय पहले कलेक्टर पन्ना ने संबंधित क्रेशर के संचालन में कार्यवाही मापदण्ड जो होना चाहिये उन पर ध्यान में रखते हुये रोक लगाई थी कार्यवाही भी गई थी जिसके चलते संबंधित क्रेशर के संचालन करने वाले माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर से स्थगन लाने में कामयाब रहे। जिससे आज भी इस क्रेशर का संचालन हो रहा है। वह तो बिना पिट पास के दो ट्रेक्टर व एक डम्फर गिट्टी परिवाहन करते पाये गये जिन्हें एस.डी.एम. अजयगढ कुशल सिंह गौतम ने कार्यवाही करते हुये धरा। मामला चाहे जो हो पर अपनी कार्य प्रणाली को लेकर एस.डी.एम. कुशल सिंह गौतम जो स्वयं ही जाने जाते है कानून का पालन कराना। आपकी तहसील क्षेत्र में जरूरी हो जाता है आप जहां भी रहे है आपने कर दिखाया चाहे वह धान का अवैध खरीदी करने वालों पर कार्यवाही का मामला हो जो पवई में जब आप पदस्थ थे तब आपने कार्यवाही को अंजाम दिया था। वर्तमान समय में अजयगढ़ तहसील में अब माफियाओं की खैर नहीं है अवैध कारोबार करने वालों को एक बार जरूर सोचना पड़ जायेगा कहीं कुशल सिंह गौतम की नजर न पड़ जाये। जिसके चलते कार्यवाही का शिकार हो जायें आपकी बेबाक कार्यप्रणाली कानून के तहत जो अंजाम दी जाती है उससे ज्यादा समय किसी भी तहसील में इन्हें रोक पाना भी कठिन होता है क्योंकि माफियाओं की तबाही होती है वहीं आज के समय में ऐसे अधिकारी यदाकदा मिलते है जो शासन के नियमानुसार कार्यवाही को कानून की मंशा के तहत क्रियान्वयन को लेकर दिशा देने के लिये उचित मानते है वहीं कानून का पालन न करने वालों को कार्यवाही का शिकार होना पड़ता है जो आज बरौली के पास क्रेशर में छापामार कार्यवाही के दौरान मामला सामने आया जहां दो ट्रेक्टर व एक डम्फर अवैध तरीके से जो गिट्टी बिना पिट पास के लेकर जा रहे थे उन्हें कार्यवाही का शिकार होना पड़ा और धरे गये। इस तरह से जहां बरौली में क्रेशर का संचालन अब माननीय उच्च न्यायालय के स्थगन की कार्यवाही के बाद संचालन हो रहा है पर पिटपास आखिरकार क्यों नहीं वाहनों को दिया जाता जो गिट्टी परिवहन करके संबंधित जगह को ले जाते है यह मामला अभी भी कहीं न कहीं जांच का विषय है आखिर पिटपास क्या खनिज विभाग ने दिये नहीं या संबंधित क्रेशर संचालनकर्ता रॉयल्टी नहीं देना चाहता मामला चाहे जो हो पर प्रथम दृष्टया दो ट्रेक्टर व एक डम्फर बिना पिटपास के गिट्टी परिवहन करते पाये गये एस.डी.एम. ने जिन पर कार्यवाही को अंजाम दिया। आगे इस क्रेशर के संचालन में स्थगन आदेश के तहत किस मापदण्ड से क्रेशर का संचालन होगा क्या पिटपास संबंधित वाहनों को गिट्टी परिवहन करने को मिलेंगे कि नहीं यह तो आगे का वक्त ही तय करेगा।

## अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद की बैठक अध्यक्ष राजीव तिवारी की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न



**पन्ना।** नगर में अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद की बैठक दिनांक 09.05.2024 को छीरसागर पन्ना में राजीव तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में भगवान श्री परशुराम जी की जयंती मनाये जाने के संबंध में रूपरेखा तय की गई। सर्वसम्मति से भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव मनाये जाने को लेकर चर्चा की गई जिसमें विधिविधान से जन्मोत्सव के समय सुन्दरकाण्ड का आयोजन एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम को सम्पन्न करने के लिये सभी अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद से जुड़े लोगों ने निर्णय लिया है। बड़े हर्ष के साथ भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव को लेकर सभीर को सूचित किया गया कि अक्षयत्रितिया के दिन 10 मई 2024 दिन शुक्रवार को जहां प्रातःकाल 8 बजे से कार्यक्रम स्थल बेनीसागर तालाब के पास छीरसागर राधारमण जी मंदिर में समस्त भक्तगणों का आगमन होगा। 8:30 बजे कलश एवं गणेश पूजन 9 बजे से लेकर 11 बजे तक मां फूलामाता मानस मण्डल एवं समस्त भक्तगणों द्वारा संगीतमय भव्य श्री रामचरित मानस सुन्दरकाण्ड पाठ का वाचन किया जायेगा। वहीं 11 बजे से 12 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चारण से भगवान श्री परशुराम जी की पूजा अर्चना व उनके जन्मोत्सव को प्रगटोत्सव अभिषेक वहीं 12:15 पर हवन 12:30 पर महाआरती 1 बजे कन्या भोज 2 बजे दोपहर महाप्रसाद वितरण भण्डारा सम्पन्न होगा। इस तरह से बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ ब्राम्हण एकता परिषद के द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की जयंती मनाये जाने को लेकर निर्णय लिया गया जिसको लेकर उत्साह के साथ जहां नगर के लोगों में उल्लास व भव्यता प्रदान करने के लिये चर्चायें जन चर्चा में है।

### अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं भारत सरकार के गृह मंत्रालय अंतर्गत महानिदेशक अग्निशमन सेवाएं, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक के निर्देशानुसार संबंधित विभाग के अधिकारियों को ग्रीष्मकाल में अग्नि दुर्घटनाओं के मद्देनजर रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। लू तापघात के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर प्रावधान अनुसार जारी महत्वपूर्ण सुझाव के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। इस संबंध में अग्नि सुरक्षा सावधानियों को ध्यान में रखकर फायर फायटिंग सिस्टम की स्थापना कर नियमित रखरखाव, त्वरित रूप से दुर्घटना की सूचना व अलार्म के लिए स्वचालित फायर डिटेक्शन कम अलार्म सिस्टम की स्थापना, नियमित रूप से माक फायर और निकासी अभ्यास आयोजित करने इत्यादि उपायों के लिए कहा गया है। इससे अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ेगी और आपातकाल में सुरक्षित निकासी सीखने में भी मदद मिलेगी। यह लोगों को आपात स्थिति के लिए तैयार करने का प्रभावी तरीका है।

## बेनीसागर तालाब व सुर्दशन पार्क दोनों दुर्दशा के हालात में जिम्मेदार कौन ?





**मजबूर लोग कहीं न कहीं आज भी इस तालाब में कहीं कपड़े धोते है तो कई स्नान करते है जो बीमारियां घरों तक ले जाते होंगे कौन है जिम्मेदार अशुद्ध पानी को लेकर**

पन्ना।

नगर में बेनीसागर तालाब काफी लंबे समय से पानी की अशुद्धता को लेकर स्वयं ही बयां कर रहा हालात को अब तो तालाब का अस्तित्व जलकुंभी ने पूरी तरह से ढक लिया है पानी नजर नहीं आता जलकुंभी ही दिखती है। वहीं इस तालाब के पानी के हालात अशुद्धता को लेकर अपने आप में बयां हो रहे है साथ ही इस हालात के चलते भी वर्तमान समय में कई मजबूर लोग अपने कपड़े धोते है वहीं कुछ स्नान भी करते है जिसके चलते अगर यह पानी अशुद्ध है तो फिर पानी में जो कीटाणू पनप रहे होंगे जिसके चलते बीमारियां घरों तक पहुंचने को लेकर कामयाबी की दिशा तय करती होंगी क्या होने वाली बीमारियों को लेकर कोई जिम्मेदारी लेगा कहने को तो पन्ना में स्टेट के समय बने यह तालाब पानी की सुविधा के लिये बनाये गये थे अब आज के समय में इनका रख-रखाव ही प्रशासन के द्वारा बस की बात नहीं मानी जा रही है जो हालात बयां हो रहे है या फिर यह उचित नहीं माना जा रहा क्योंकि प्रशासन जो भी चाहता है वह सब संभव होता है। फिर बेनीसागर तालाब के पानी की शुद्धता बनाये रखने को लेकर प्रयास क्यों नहीं किये जाते जो अपने आप में ही बड़ा सवाल है। इस तालाब की सुंदरता व इसके कायाकल्प को लेकर अगर प्रयास किये जायें तो निश्चिततौर पर नगर के मध्य में यह तालाब नगर के लिये आकर्षण का केन्द्र होगा। जिसके लिये कार्य योजना ही मायने रखती है। कुछ समय पूर्व बेनीसागर तालाब के पास एक सुदर्शन पार्क भी नपा अध्यक्ष श्रीमती शारदा पाठक के कार्यकाल के समय बनाया गया था जो आज अपनी दुर्दशा को लेकर स्वयं आंसू बहा रहा है। इतना ही नहीं इस तालाब व सड़क के मध्य में शासकीय जमीन में तत्कालीन नपा अध्यक्ष श्रीमती शारदा पाठक के कार्यकाल में ही चौपाटी विकसित की गई थी जो आज फिर से एक बार चौपाटी को खत्म कर दिया गया अब हालात फिर वही लोग उस जगह को अपने व्यवसाय के उपयोग में स्वयं से कारोबारों के लिये उपयोग कर रहे है वहीं गंदगी का आलम देखते ही बनता है। अब हालात पर नजर जिम्मेदार अधिकारी ही डाल सकते है जल ही जीवन है आखिरकार जो स्टेट समय में यह तालाब बनाये गये अब इनकी सुरक्षा व देखभाल क्या वर्तमान समय में लाजमी नहीं कहने को तो सुन्दरता व स्वच्छता को लेकर संदेश दिये जाते है क्या बेनीसागर तालाब में यह पैमाना लागू होगा। देखना यह है कब तक होगा बेनीसागर तालाब के सौदर्यीकरण व जल शुद्धीकरण की दिशा पर कार्य ताकि यह तालाब नगर के लिये सौदर्य के साथ-साथ लोगों के लिये स्वयं ही आकर्षण का केन्द्र बन सके।

## नेशनल लोक अदालत 11 मई को, 13 खण्डपीठ गठित

पन्ना।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में शनिवार, 11 मई को संपूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में जिला न्यायालय पन्ना सहित तहसील न्यायालय पवई और अजयगढ़ में भी लोक अदालत लगेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला न्यायाधीश हरप्रसाद बंशकार ने बताया कि लोक अदालत के लिए कुल 13 खण्डपीठ गठित की गई है। जिला न्यायालय पन्ना में 09, तहसील न्यायालय पवई में 03 एवं अजयगढ़ में 01 खण्डपीठ का गठन किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भावना साधौ की खण्डपीठ क्रमांक 01, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना अयाज मोहम्मद की खण्डपीठ क्रमांक 02, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश इन्द्रजीत रघुवंशी की खण्डपीठ क्रमांक 03, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार की खण्डपीठ क्रमांक 04, जे.एम.एफ.सी एवं द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड शिवराज सिंह गवली की खण्डपीठ क्रमांक 05, जे.एम.एफ.सी. एवं प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड के प्रथम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मोहित बड़के की खण्डपीठ क्रमांक 06, जे.एम.एफ.सी. प्रथम व्यवहार न्यायाधीश के अतिरिक्त द्वितीय न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड निधि शाक्यवार की खण्डपीठ क्रमांक 07, जे.एम.एफ.सी. एवं प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड इकरा मिनिहाज की खण्डपीठ क्रमांक 08, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड प्रीतम शाह की खण्डपीठ क्रमांक 09 रहेगी। इसी तरह पवई तहसील के लिए गठित खण्डपीठ अनुसार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पवई नवनीत कुमार वालिया की खण्डपीठ क्रमांक 10, जे.एम.एफ.सी. प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड पवई कृष्णपाल सिंह सिसोदिया की खण्डपीठ क्रमांक 11 और जे.एम.एफ.सी. एवं व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड पवई हिमांशी ठाकुर भारद्वाज की खण्डपीठ क्रमांक 12 तथा अजयगढ़ तहसील के लिए जे.एम.एफ.सी. व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड अजयगढ़ पलक श्रीवास्तव की खण्डपीठ क्रमांक 13 गठित की गई है। नेशनल लोक अदालत में सभी खण्डपीठों में राजीनामा योग्य विचाराधीन लंबित आपराधिक, चेक अनादरण, मोटर दावा दुर्घटना, दीवानी भू-अर्जन, पारिवारिक विवाद, भरण पोषण, घरेलू हिंसा इत्यादि प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा विद्युत विभाग, सभी बैंक के ऋण वसूली, टेलीफोन विभाग के बिल सहित नगरीय निकायों के जल एवं संपत्तिकर से संबंधित सभी मामलों का निराकरण किया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा सभी पक्षकारों को सूचना पत्र भी जारी किए गए हैं। सूचना पत्र प्राप्त नहीं होने पर भी लोक अदालत में उपस्थित होकर प्रकरण का निराकरण कराया जा सकता है। प्राधिकरण के सचिव द्वारा सभी पक्षकारों व आम जनता से नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर राजीनामा के जरिए प्रकरण निराकृत कराने तथा विद्युत विभाग, बैंक, नगर पालिका, चेक अनादरण व दीवानी प्रकरणों में मिलने वाली छूट व न्याय शुल्क वापसी का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

## सलेहा हनुमान मंदिर में सप्त दिवसीय अखंड रामधुन जारी



पन्ना।

नया बस स्टैंड सलेहा हनुमान मंदिर में सातदिनी 24 घंटे अखंड रामनाम संकीर्तन (रामधुन) जारी है रामधुन का शुभारंभ 7 मई मंगलवार को सुबह 10 बजे पूरे बैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुभारंभ किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी बताते चले कि विश्व शांति,जन कल्याण तथा सुख समृद्धि के लिए सप्त दिवसीय रामधुन का आयोजन बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद रामभक्तो हिन्दू संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जा रहा है जिसमे मुख्य रूप से सलेहा भाजपा मंडल अध्यक्ष हरेंद्र त्रिपाठी की उलेखनीय भूमिका है समाज सेवी श्रेतीय धर्म प्रेमियों आदि सदस्यों के द्वारा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली जा रही है। अलग अलग क्षेत्रो से आयें भक्त मंडली द्वारा संगीत में सुंदर ध्वनि से रामनाम संकीर्तन किया जा रहा है इस अवसर पर श्रेतीय धर्म प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर रामधुन संकीर्तन करते हुए धर्म लाभ ले रहे हैं सातदिनी अखंड रामधुन के द्वितीय दिवस बुधवार को बड़ी संख्या में धर्म प्रेमियों ने रामनाम संकीर्तन (रामधुन) गरमई उपस्थिति दर्ज कराते हुए रामधुन संकीर्तन किया सप्त दिवसीय रामधुन का समापन 14 मई मंगलवार को हवन वेदिक प्रक्रिया के साथ करते हुए साथ ही प्रसादी भंडारा आयोजित किया जाएगा।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में मदर टेरेसा अस्पताल में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के मार्गदर्शन में विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर मदर टेरेसा अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने इस मौके पर कहा कि आज विश्व भर में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जा रहा है, इस वर्ष की थीम मानवता को जीवित रखना है। रेडक्रॉस सोसाइटी एक ऐसा संगठन है जो मानवीय गरिमा, पीड़ा को खत्म करने और कठिन जीवन स्थितियों का सामना करने वाले लोगों को चिकित्सा सहायता के लिए काम करता है। दूसरों की सेवा करने और दूसरों की मदद के लिए तैयार रहने के लिए मानसिकता की जरूरत है। यह मानवीय मूल्यों और संवेदनशील दृष्टिकोण का मामला है। सार्वजनिक सेवा इस भाव की मांग करती है। बेहतर सेवा वितरण का हमारा समग्र तरीका हर किसी के लिए मान्यता और सम्मान की भावना पैदा करेगा।कलेक्टर के सन्देश के परिपालन में स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में, आयुष, महिला बाल विकास विभाग, आजीविका विभाग, शिक्षा विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से मदर टेरेसा अस्पताल परिसर में रेड क्रॉस के प्रयासों को सार्थक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया।स्वास्थ्य कैंप के तहत शारीरिक और मानसिक रूप से विक्षिप्त बच्चों की जाँच और उपचार किया गया। कैंप के लिए जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से भी बच्चों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यवस्था की। कैंप में मूकबधिर, दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, मानसिक और शारीरिक रूप से अक्षम दिव्यांग बच्चों ने स्वास्थ्य सेवा प्राप्त की। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मूकबधिर बच्चों के लिए स्पीच थेरेपी, दृष्टिबाधित बच्चों के आँखों की जाँच, श्रवणबाधित बच्चों के लिए कोक्लियर इम्प्लांट के सम्बन्ध में आवश्यक जाँच और उपचार प्रदान किये, आवश्यकता अनुसार बच्चों कों दवाइयां दी गयी और रोगों की गंभीरता को देखते हुए कुछ बच्चों कों पुर्नवास केंद्रों में भेजने की सलाह दी गयी, बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। एडीएम श्री सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह ने कैंप की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कैंप में कुल 293 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। जिनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। जिसमें श्रवण बाधित (मूकबधिर) 118, नेत्र बाधित 15, सिकिल सेल के 121, अस्थि बाधित 22 और अन्य प्रकार के 17 रोगी हैं। उक्त दिव्यांग बच्चों का उचित उपचार किया गया। साथ ही 02 श्रवण बाधित रोगियों को सर्जरी हेतु चिन्हित किया गया है।



ज्ञात है कि प्रत्येक वर्ष की 8 मई को रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेंट के जन्मदिन की याद में मनाया जाता है, जिसके माध्यम से रेड क्रॉस के सिद्धांत मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वेछिक सेवा, एकता और सर्वभौमिकता को प्रोत्साहित किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### दो स्टोर्स पर सहायक आयुक्त राज्य कर ने की कार्रवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एस.डी.एम. दमोह के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम द्वारा मे. कपिल जनरल स्टोर नया बाजार नं. 1 दमोह एवं मे. गणेश स्टेशनरी मार्ट पता-रेडक्रास सोसायटी शाप दमोह पर जाँच कार्यवाही की गयी थी। उक्त कार्यवाही के तारतम्य में सहायक आयुक्त राज्य कर दमोह द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुऐ उक्त विक्रेताओं के व्यापारिक दस्तावेजों की जारी की गयी एवं पुस्तक विकेता मे. कपिल जनरल स्टोर से अवधि जनवरी से मार्च 2024 में ग्राहको को बिल जारी नही किये जाने हेतु कुल 20 हजार रूपये की शास्ति एवं कच्चे एवं नियम विरूध्द बिलो / चालानों पर ब्याज सहित कुल कर 22 हजार 846 रूपये इस प्रकार कुल 42 हजार 846 रूपये जमा करवाये गये है। इसी प्रकार पुस्तक विक्रेता मे. गणेश स्टेशनरी मार्ट पता-रेडक्रास सोसाईटी शॉप दमोह से अवधि जनवरी से मार्च 2024 में ग्राहको को बिल जारी नहीं किये जाने हेतु कुल 20 हजार की शास्ति एव कच्चे एवं नियम विरूध्द बिलो / चालानों पर ब्याज सहित कुल कर 19 हजार 864 इस प्रकार कुल 39 हजार 864 रूपये जमा करवाये गये है।

### हरेन्द्र सेन निलंबित

**दमोह।** कलेकटर सुधीर कुमार कोचर ने सहायक रिटर्निंग आफीसर विधानसभा क्षेत्र 056-जबेरा के प्रतिवेदन के आधार पर सहायक ग्रेड-03 तहसील कार्यालय जबेरा हरेन्द्र सेन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ज्ञातव्य है कि सहायक ग्रेड-03 तहसील कार्यालय जबेरा हरेन्द्र सेन को लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान उपरांत विधानसभा क्षेत्र 056- जबेरा के मतदान केन्द्र 61 से 90 तक की सामग्री वापिसी हेतु काउण्टर क्रमांक-01 में टेबित क्रमांक-02 पर कर्मचारी क्रमांक-02 के रूप में पदाविहित किया गया था। उक्त कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में उन पर यह कार्यवाही की गई है। निलंबन की अवधि में श्री हरेन्द्र सेन का मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय तेंदूखेड़ा निर्धारित किया गया हैं एवं निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन 20 तक

**दमोह।** सत्र 2024 के लिए आई.टी.आई. में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। इस संबंध में शासकीय आई.टी.आई. दमोह के प्राचार्य अभिषेक तिवारी ने बताया कि आई.टी.आई. में प्रवेश के लिए ऑनलाईन पंजीयन 20 मई 2024 तक **DSD** पोर्टल के माध्यम से हो रहे हैं। इस प्रवेश माड्यूल में जाकर प्रवेश के लिए ऑनलाईन पंजीयन कराना होगा। प्रशिक्षणार्थी विभिन्न व्यवसायों स्टेनोग्राफी हिंदी, इलेक्ट्रिशियन, फिटर कोपा, वेल्डर, मैकेनिक डीजल एवं सोलर टेक्नीशियन आदि व्यवसायों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन पंजीयन **www.dsd.gov.mp.in** पर करा सकते हैं। आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना पंजीयन विभागीय पोर्टल पर करा सकते हैं।

### पांच दिवस का मानदेय काटे जाने की कार्यवाही

**दमोह।** पर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने आंगनबाडी कार्यकर्ता झागरी तहसील बटियागढ विजय लक्ष्मी द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही वरतने के आरोप में आर्थिक दंड स्वरूप 05 दिवस का मानदेय काटे जाने एवं भविष्य में इस प्रकार की पुनर्रावृत्ति न किये जाने हेतु अंतिम रूप से सचेत किया है। ज्ञातव्य है कि अर्जुन अहिरवार सा. पथरिया द्वारा शिकायत की गई है कि तहसील बटियागढ के मतदान केंद्र 45 झागरी कबीरपुर में मेरा एवं मेरे परिवार का नाम मतदाता सूची से डिलीट कर दिया गया है। तत्संबंध में उक्त शिकायत की जांच अनुविभागीय अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग आफीसर 54 पथरिया से कराई गई। उनके द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि मतदान केंद्र क्रमांक 45 झागरी कबीरपुर की तत्कालीन बी.एल.ओ विजय लक्ष्मी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा त्रुटिवश शिकायत कर्ता तथा उसके परिवार का नाम मतदाता सूची से डिलीट हुआ है, मतदाता सूची में नाम पुनः दर्ज करने की कार्यवाही प्रचलित है ।

### हर्ष बने नोडल अधिकारी

**दमोह।** जिले में भारत सरकार के गृह मंत्रालय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा संचालित आपदा मित्र परियोजना के अंतर्गत जिले में योजना के समन्वय और कार्यान्वयन के लिये अपर कलेक्टर दमोह ने जिले में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट हर्ष जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

---

### कलेक्टर ने कहा कि समिति प्रबंधक पटेल के खिलाफ भी कराया जाएगा मामला पंजीबद्ध

# डीएमओ अभिषेक जैन ने बारदाना भेजा राजनगर मंडी तो फिर अकौना कैसे पहुंचा?

**मुख्य नटवरलाल समिति प्रबंधक गणपत पटेल के ऊपर मामला पंजीबद्ध ना हो, के एवज में डीएमओ के ऊपर लगे 2 लाख रुपए लेने के आरोप, प्रशासक ने केंद्र प्रभारी और सहायक प्रभारी को सस्पेंड कर अपना पल्ला झाड़ा**




राजनगर

सहकारी बैंक शाखा राजनगर अंतर्गत सेवा सहकारी समिति धवाड़ का मामला दिन प्रतिदिन तूल पकड़ता जा रहा। बीते दिनों यहां पर फर्जी केंद्र खोलकर बीते माह में 2 दिन में 919 क्वांटल सरसों की रात दिन में खरीदी कर डाली थी। फर्जी खरीदी केंद्र से तीन ट्रैकों में सरसों लाद कर राजनगर वेयरहाउस बिना गेट पास, बिना बिल्टी और बिना कागजात के लाया जा रहा था कि तभी जागरूक पूर्व सरपंच राम मूर्ति तिवारी ने राजनगर तहसीलदार सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को दूरभाष पर जानकारी दी थी कि फर्जी तीन ट्रक सरसों अकोना फर्जी केंद्र से राजनगर मंडी जा रहे हैं। तभी तहसीलदार ने पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर देखा और ट्रैकों के ड्राइवर से पूछताछ की, तो ट्रैकों के ड्राइवरों ने बताया कि हम लोगों के पास कोई भी किसी प्रकार के कोई दस्तावेज नहीं है, और हम लोग अकौना खरीदी केंद्र से सरसों लादकर राजनगर मंडी आए हुए हैं। समिति के द्वारा हम सभी ड्राइवरों को कोई भी किसी प्रकार के कोई दस्तावेज नहीं दिए गए। जिसमें तहसीलदार ने बिना समय बर्बाद किये तीनों ट्रैकों को पुलिस अभी रक्षा में राजनगर थाने रखवा दिए। राजनगर तहसीलदार धीरज गौतम ने आगे की कार्यवाही के लिए कलेक्टर सहित जिले के संबंधित अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया था।

**जिला उपार्जन समिति लिस्ट में सरसों केंद्र राजनगर मंडी, लेकिन समिति प्रबंधक ने खुलवाया फर्जी केंद्र आकोना गांव विपरन डीएमओ अभिषेक जैन ने 2 लाख रुपए में समिति प्रबंधक गणपत पटेल को बचाने का लिया ठेका, स्थानीय लोगों ने लगाए आरोप।डीएमओ अभिषेक जैन ने बारदाना भेजा राजनगर मंडी, तो फिर अकौना कैसे पहुंचा?**



अधिक मुनाफा के चक्कर में जिले के कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों के नियमों को शिथिल करते हुए डीएमओ अभिषेक जैन ने राजनगर मंडी में सरसों का केंद्र ना खोलकर धवाड समिति से लगभग 4 किलोमीटर दूर अकोना गांव में 2 दिनों के लिए खोला गया।

अकौना गांव में सरसों का केंद्र खोलने का उद्देश्य यही था कि घर में रखा हजारों क्वांटल सरसों को सरकारी बोरियों में पलटी की जा सके। समिति प्रबंधक गणपत पटेल, केंद्र प्रभारी अरुण गुप्ता द्वारा उपार्जन के सारे नियमों को शिथिल सरसों की प्राइवेट बोरियों को सरकारी बोरियों में पलटी किया गया है। यह खेल 29 और 30 अप्रैल को रात दिन चला। सूत्रों की माने तो इसमें सबसे अहम भूमिका जिला विपणन संघ डीएमओ अभिषेक जैन की बताई जा रही है। समिति प्रबंधक गणपत पटेल द्वारा अभिषेक जैन को इतना अधिक लालच दिया गया कि उसने जिले के कलेक्टर सहित सभी अधिकारियों के नियमों को दरकिनार कर दिया। प्रशासक आरएनएस यादव और उतना ही गुनहगार समिति प्रबंधक गणपत पटेल है। यह पूरा खेल गणपत पटेल समिति प्रबंधक की देखरेख में खेला गया है। सबसे बड़ा गुनहगार समिति प्रबंधक गणपत पटेल है। उसके बाद भी आज दिनांक तक डीएमओ द्वारा संबंधित थाने को कोई भी पत्र समिति प्रबंधक के ऊपर मामला दर्ज के लिए जारी नहीं किया गया, और ना ही वैधानिक कार्रवाई की गई। स्थानीय लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह खेल क्षेत्र में गांव गांव सरसों खरीदी का मार्च शुरुआत से चल रहा था। अकोना सहित आसपास के करीब 8-10 गांव से यह सरसों लगभग 4000-4200 रुपए के हिसाब से खरीदा गया है। इन सहकारिता माफियाओ ने यह पहले ही भाफ़ लिया था कि सरसों का समर्थन मूल्य मार्केट से कहीं बहुत अधिक ज्यादा है। सबसे रोचक बात यह है कि राजनगर मंडी में सरसों का केंद्र खोलने के बाद समिति प्रबंधक गणपत पटेल और केंद्र प्रभारी अरुण गुप्ता दोनों की आंखें तिलमिला गई। आनन-फानन में इन लोगों ने राजनगर एसडीएम को आवेदन दिया कि किसानों की सुविधा को देखते हुए केंद्र को धवाड समिति किया जाए। एसडीएम राजनगर को जो आवेदन दिया गया उसमें समिति प्रबंधक गणपत पटेल के हस्ताक्षर फर्जी होने की चर्चा है। उसके बाद डीएमओ अभिषेक जैन और गणपत पटेल का खेल शुरू हो गया और अपने-अपने रेट तय करने के बाद केंद्र को 29 और 30 अप्रैल को राजनगर से हटाकर मौखिक तौर पर अकौना गांव में खोला गया। और यह खेल रात दिन चला। जिसमें दो दिनों में 919 क्वांटल सरसों की खरीदी हुई, तो वहीं बड़े किसानों का कहना है कि इस वर्ष फरवरी मार्च में एकाएक बारिश और ओलावृष्टि होने से सरसों की फसल तो चौपट हो चुकी थी। डीआर डॉक्टर अरुण मश्राम ने बताया कि आज 9 मई को प्रशासक यादव द्वारा केंद्र प्रभारी अरुण गुप्ता और सहायक केंद्र प्रभारी भूपेंद्र गुप्ता को सस्पेंड कर दिया गया है, समिति प्रबंधक पटेल के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

**इनका कहना है -**

मामला गंभीर है, जल्द ही समिति प्रबंधक गणपत पटेल के साथ साथ जो भी दोषी होगा, इसके ऊपर भी मामला पंजीबद्ध करवाया जाएगा।
**संदीप जी आर**

---

# पोस्ट ग्रेजुएट करने आए डॉक्टर कर रहे सरकारी आवास में प्रैक्टिस

छतरपुर




जिले के स्वास्थ्य विभाग की शैली पर अक्सर सवालिया निशान खड़े होते रहते हैं। यहां वह सब कुछ होता है, जो नही होना चाहिए था। यह सब विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नही है। जिले के बड़ामलहरा सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में पूर्व पदस्थ रहे एक बीएमओ द्वारा शासकीय आवास में निजी प्रैक्टिस की जा रही है। जबकि शासन द्वारा एक साल पहले इन्हें एमडी कोर्स करने के लिए इंदौर मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। इसी दौरान यह तीन माह छतरपुर जिला के लिए अंडर ट्रेनिंग करने के लिए आए थे। इसी का लाभ उठाकर यह अपने पूर्व कार्यक्षेत्र में लगातार प्रैक्टिस कर विभागीय कर में हस्तक्षेप कर रहे हैं।

मामला बड़ामलहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ा हुआ है। जहां पूर्व में डॉक्टर हेमंत मरैया बीएमओ के पद पर पदस्थ थे, जहां उन्हें रहने के लिए शासकीय भवन भी स्वीकृत था। जहां वह अपने कर्यालीन समय के बाद भी मरीज को देखने का काम करते थे। करीब एक साल पहले शासन द्वारा डॉक्टर हेमंत मरैया को एमडी का कोर्स करने के लिए इंदौर के महात्मा गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल भेजा गया था। इस समयावधि में वह अपने मरीजों को नही देख पा रहे थे, जिसका आर्थिक रूप से नुकसान उन्हें हो रहा था। इसलिए वह किसी तरह छतरपुर अस्पताल में अंडर ट्रेनिंग का आदेश करा कर पुनः बड़ामलहरा अस्पताल में बने शासकीय भवन में प्रैक्टिस कर रहे है।

**शासन को भ्रामक जानकारी देकर कर रखा शासकीय भवन पर कब्जा -**

जानकारी के अनुसार डॉक्टर हेमंत मरैया के द्वारा विभाग को शासकीय भवन का उपयोग करने हेतु एक भ्रामक जानकारी शासन को दी गई है। जिसमें उन्होंने लेख किया है कि मेरे बच्चे बड़ामलहरा में में पढ़ते और परिवार रहता है। इसलिए मुझसे शासकीय भवन खाली नहीं कराया जाए। इसके एवज में जो राशि किराए के एवज में देय होगी, वो दी जाती रहेगी। इसी के आधार पर वह इस शासकीय भवन पर काबिज है, और अपनी प्रेक्टिस कर रहे हैं।

**इनका कहना है -**

इस मामले में अभी हमारे पास कोई शिकायत नहीं आई है, जैसी कोई जानकारी मिलती है। तुरंत कार्रवाई की जाएगी। वैसे मुझे उनके प्रैक्टिस और निवास संबंधी कोई जानकारी नहीं है।
**डॉक्टर आरपी गुप्ता**
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, छतरपुर

---

# श्री परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा आज

छतरपुर

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर आज शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह से नारायणपुरा रोड में स्थापित की जा रही भगवान परशुराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के तहत विशेष पूजा अर्चना होगी एवं दोपहर में भण्डारे का आयोजन किया गया है। इसके बाद दोपहर 3 बजे से रामचरित मानस प्रांगण में भगवान परशुराम की पूजा और अभिषेक होगा। डीजे, बग्घी, घोड़े, बैण्डबाजों के साथ शोभायात्रा यहीं से निकलेगी। भगवान परशुराम की शोभायात्रा कोतवाली, महल तिराहा होते हुए छत्रसाल चौक से होकर मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण में सम्पन्न होगी। शोभायात्रा के मोटे के महावीर मंदिर में पहुंचने पर आरती होगी और इसके बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। सभी सनातनप्रेमियों से आग्रह किया गया है कि बड़ी से बड़ी संख्या में रामचरित मानस मैदान से शुरू होने वाली शोभायात्रा में शामिल हों और पुण्य लाभ कमाएं।

---

# सरसों खरीदी के बनाए 22 केन्द्र 14 केन्द्रों में पहुंच रहे किसान



**छतरपुर।** गेहूं खरीदी का कार्य 30 मई तक किया जाना है। इस वर्ष कम पैदावार की समस्या हो या अन्य कारण हों लेकिन किसानों की खरीदी केन्द्रों में ज्यादा रूचि नहीं दिखाई दे रही। अब तक 1809 किसानों से एक लाख 20 हजार 495 क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई है जबकि 735 किसानों से 25584 क्विंटल सरसों की खरीदी हुई है। जानकारी के मुताबिक जिले में सरसों खरीदी के लिए 22 केन्द्रों को निर्धारित किया गया है लेकिन सिर्फ 14 केन्द्रों में ही सरसों की खरीदी की जा रही है। शासन की ओर से सरसों का बाजार मूल्य 5650 रूपए निर्धारित किया गया है जबकि बाजार में 4800-4900 में सरसों की बिक्री हो रही है। जिले में बनाए गए गेहूं खरीदी के 80 केन्द्रों में से 37 केन्द्रों में अब तक करीब सवा लाख क्विंटल गेहूं खरीदा गया है। छतरपुर मण्डी में बनाए गए खरीदी केन्द्र के ज्ञान प्रकाश सुल्लेरे ने बताया कि किसानों के लिए टेंट की व्यवस्था की गई है, इसके अलावा पानी की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। टोकन के माध्यम से किसानों से गेहूं एवं सरसों खरीदा जा रहा है।

---

# मामूली सी बात पर शुरु हुआ विवाद संघर्ष में बदला दुकानदार ने युवक को बेरहमी से पीटा, इलाज जारी

छतरपुर

राजनगर कस्बे में गत रोज मामूली सी बात पर एक दुकानदार और दो युवक के बीच विवाद हो गया और विवाद इतना बढ़ा कि दुकानदार ने अपने एक साथी के साथ मिलकर दोनों युवकों को बेरहमी से पीट दिया। मारपीट में दोनों युवक बुरी तरह घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल मोहम्मद आरिफ उर्फ अनिया पुत्र शेख शमशाद उम्र 26 साल निवासी राजनगर ने बताया कि बीते रोज दोपहर करीब 2 बजे वह कस्बे के बस स्टैंड पर मौजूद एसबीआई के एटीएम से पैसे निकालने के लिए गया था। एटीएम से बाहर निकलते वक्त आरिफ के हाथ से बगल में मौजूद सीमेंट की दुकान की रस्सी टूट गई जिसको लेकर दुकान संचालक राहुल मिश्रा निवासी विद्याधर कॉलोनी खजुराहो उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। जब आरिफ ने राहुल को रोका तो वह और अधिक नाराज हो गया। इसी बीच आरिफ का फुफेरा भाई अरबाज खान और दुकानदार राहुल का भाई ऋषि मिश्रा भी मौके पर पहुंच गया, जिससे विवाद और बढ़



गया। आरिफ के मुताबिक राहुल और उसके भाई ऋषि मिश्रा ने हॉकी से उसे पीटना शुरु कर दिया। बीच बचाव करने के दौरान आरिफ के फुफेरे भाई अरबाज खान को भी चोटें आ गईं। घटना के बाद आरिफ ने राजनगर थाना में शिकायत की जिस पर पुलिस ने राहुल और ऋषि मिश्रा के विरुद्ध धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। वहीं दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

---

# आज धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**सुबह धौर्रा मंदिर में सर्व समाज करेगा अभिषेक, शाम को समाज भवन में होगा सुंदरकांड**

नौगांव

अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से नगर में मनाया जाएगा इसके लिए ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा श्री परशुराम किसी एक समाज के नहीं हैं, इसलिए सभी समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल जरूर हों. जिससे सभी समाज और सभी वर्ग भगवान को अलग-अलग जातियों और वर्ग में ना बटते हुए सभी भगवान का जन्मोत्सव एकजुट होकर मनाएं इसलिए सभी समाज के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने और भव्य रूप से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाने के लिए आग्रह किया है।

**ब्राम्हण समाज की पहल -**

ऐसा माना जाता है कि सनातन धर्म एकेश्वरवादी है वह एक ईश्वर में विश्वास रखता है परन्तु सनातन धर्म में बिभिन्न अवतारों की कथा है और मान्यता भी है । इस कारण से भृम बस लोगों ने भगवान को भी विभिन्न जातियों में बांट लिया है। लेकिन पिछले वर्ष से ब्राह्मण समाज ने अग्रिम पहल करते हुए भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव सर्वसमाज के द्वारा मनाने का निश्चय किया और भगवान के पूजन में सभी जातियों के लोग एक साथ बैठकर पूजन करने आमंत्रित किया है।

**इस तरह से मनाया जाएगा भगवान का जन्मोत्सव -**



नगर के ब्राह्मण समाज द्वारा हर साल की तरह इस बार भी आज अक्षय तृतीया को श्री परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर्व मनाने के लिए बैठक कर तैयारी और कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई थी वहीं समाज भवन बिलहरी रोड पर तोरण द्वार सजाकर ध्वज पताका लगाई जा रही है। साथ ही धौर्रा मंदिर को भी आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया गया है। पंडित रमाशंकर मिश्र मनीषी जी ने जानकारी देते हुए बताया है पिछले साल से भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव सभी जातीय और सभी वर्गों को लेकर ब्राह्मण समाज मनाता आ रहा हैं इस वर्ष भी हिन्दू धर्म के सभी समाज के लोग सुबह 9 बजे धौर्रा मंदिर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाने के लिए एकजुट होंगे। 9 बजे वैदिक मंत्र उच्चारण के द्वारा भगवान का जन्म होगा इसके बाद उनका अभिषेक किया जाएगा। पूजा पाठ के साथ-साथ भजन कीर्तन भी लगभग 2 घंटे चलेगा इसके बाद भगवान की आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम 5 बजे ब्राह्मण समाज भवन बिलहरी रोड़ पर भजन कीर्तन एवं सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा इसके पश्चात भगवान परशुराम की आरती और प्रसाद वितरण होगा। उक्त कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के द्वारा सभी को आमंत्रित किया गया है।

---

# जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण जिले में नरवाई जलाने पर लगाई रोक

छतरपुर

जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी.आर. ने किसानों के हित को ध्यान रखते हुए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी कर सम्पूर्ण जिला छतरपुर में गेंहू की फसल काटने के पश्चात जो तने के अवशेष अर्थात नरवाई को जलाने पर रोक पूर्णतः रोक लगाई है। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।

कुछ किसान गेंहू की फसल काटने के पश्चात जो तने के अवशेष अर्थात नरवाई होती है, उसमें आग लगा कर उसे नष्ट कर रहे है जिसका कारण जहाँ उनकी भूमि में उपलब्ध जैव विविधता समाप्त हो जाती है, जिससे भूमि में उपस्थित सूक्ष्म जीव एवं केंचुआ आदि जल कर नष्ट हो जाते है। इनके नष्ट होने से खेत की उर्वरक्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

भूमि की ऊपरी पर्त में उपलब्ध आवश्यक पोषक तत्व आग लगने के कारण जल कर नष्ट हो जाते हैं। भूमि की भौतिक दशा खराब हो जाती है, भूमि कठोर हो जाती है। जिसके कारण भूमि की जल धारण क्षमता कम हो जाती है और आगामी उपज कम होने की संभावना की रहती है। वहीं आसपास के किसानों के खेतों में खड़ी या कटाई पश्चात रखी फसल के आग से जल जाने की संभावना के साथ नरवाई जलाने के दौरान हवा का तीव्र प्रवाह हो जाने के कारण आस पास के क्षेत्र में प्रदूषण फैलने सहित क्षेत्र में स्थाई या अस्थाई संपत्तियों को नुकसान होने के साथ-साथ जानमाल की क्षति होने की भी संभावना बनी रहती है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आदेश का तहसीलदार, थाना प्रभारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगरपलिका अधिकारी को विभागीय संसाधनों के माध्यम से प्रचार प्रसार कराने के भी निर्देश दिए हैं।

**खबर संक्षेप**

## अनुसूचित जाति के 9286 विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**रीवा।** शासन द्वारा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को प्री मैट्रिक तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति दी जाती है। रीवा संभाग में वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जाति के 9286 विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति देने के लिए आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं। इनमें से 8513 आवेदन पत्र निराकृत कर दिए गए हैं। एनपीसीआई पोर्टल बंद होने के कारण 773 आवेदन पत्र अभी भी लंबित हैं। रीवा जिले में कुल 3292 छात्रवृत्ति के आवेदन दर्ज किए गए। इनमे से 2989 का निराकरण हो गया है। सतना जिले में दर्ज 3505 आवेदनों में से 3347 तथा सीधी जिले में दर्ज 1829 आवेदनों में से 1764 निराकृत हो गए हैं। सिंगरौली जिले में अनुसूचित जाति के 660 विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया गया है। इनमें से 413 निराकृत कर दिए गए हैं। शेष 247 आवेदन पत्रों को पोर्टल के एक्टिव होने के बाद निराकृत किया जाएगा।

## अन्य पिछड़ावर्ग के 19650 विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**रीवा।** शासन द्वारा अन्य पिछड़ावर्ग के विद्यार्थियों को प्री मैट्रिक तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति दी जाती है। रीवा संभाग में वर्ष 2023-24 में अन्य पिछड़ावर्ग के के 19650 विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति देने के लिए आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं। इनमें से 14886 आवेदन पत्र निराकृत कर दिए गए हैं। एनपीसीआई पोर्टल बंद होने के कारण 4764 आवेदन पत्र अभी भी लंबित हैं। रीवा जिले में कुल 5215 छात्रवृत्ति के आवेदन दर्ज किए गए। इनमे से 5129 का निराकरण हो गया है। सतना जिले में दर्ज 7205 आवेदनों में से 5504 तथा सीधी जिले में दर्ज 5090 आवेदनों में से 2551 निराकृत हो गए हैं। सिंगरौली जिले में अन्य पिछड़ावर्ग के 2140 विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया गया है। इनमें से 1702 निराकृत कर दिए गए हैं। शेष 438 आवेदन पत्रों को पोर्टल के एक्टिव होने के बाद निराकृत किया जाएगा।

## आईटीआई में ऑनलाईन प्रवेश की अंतिम तिथि 20 मई

**कटनी।** जिले की शासकीय आईटीआई कटनी, बरही (बड़वारा), ढीमरखेंड़ा (उमरिया पान) रीठी, कैमोर, बहोरीबंद एवं विजयराघवगढ़ में संचालित एनसीव्हीटी, एससीव्हीटी व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोटर मैकेनिक, वेल्डर, कारपेंटर, मैकेनिक डीजल, स्टेनों हिन्दी, कोपा, ड्रेस मेकिंग, सोलर टेक्नीशियन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम अपने स्तर से अथवा एमपी ऑनलाईन के अधिकृत सहायता केन्द्रो से आवेदन कर सकते है। शासकीय आईटीआई कटनी के प्राचार्य रंजीत कुमार रोहितास ने बताया कि प्रवेश विवरणिका कौशल विकास संचालनालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता 8 वीं एवं 10 वीं है। प्रवेश की अंतिम तिथि 20 मई 2024 है। अधिक जानकारी हेतु अपनी नजदीकी आईटीआई में संपर्क किया जा सकता है।

## अमीरगंज तालाब का कराया जा रहा सौंदर्यीकरण कार्य

**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार झीलों के संरक्षण एवम विकास योजना अंतर्गत तथा वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व जल संचयन के उपाय हेतु नगर निगम द्वारा विभिन्न जल स्त्रोतों के सफाई और पुनर्जीवन कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा बताया गया कि वर्तमान में अमीरगंज तालाब के उन्नयन, सौंदर्यीकरण] क्षमता संवर्धन, गहरीकरण सहित साफ सफाई तथा जीर्णोधार हेतु सौंदर्यीकरण अंतर्गत लगभग एक करोड़ रूपए की राशि से कार्य जारी है। उक्त कार्य से वर्षा जल संग्रहण] भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के साथ साथ उक्त तालाब के संरक्षण विकास और नागरिकों को बेहतर प्राकृतिक वातावरण प्रदाय किए जाने का प्रयास निरंतर जारी है।

### कहां से मिला अवैध हथियार ऐसे तमाम विषयों पर पुलिस पकड़े गए आरोपियों से कर रही पूछताछ

# मॉल के बाहर हुए गोलीकांड के मुख्य आरोपी सहित दो अन्य गिरफ्तार

रीवा

जिले में समान थाना अंतर्गत वी2 मॉल के बाहर हुए गोलीकांड फरार चल रहे तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रीवा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि दिनांक 22.04.24 को फरियादी हर्ष दुवे निवासी दुरौध हाल के.के. पाण्डेय नर्सिंग होम के पीछे आदर्श नगर रीवा व्दारा थाना समान मे सूचना दिया कि 22 तारीख की शाम लगभग 07.00 बजे अपने दोस्त अभिषेक पाण्डेय एवं अंकित पटेल के साथ V2 मॉल कपडे खरीदने गया था। जहा मॉल से बाहर निकले इतने मे रोशन गुप्ता उर्फ राक्स अपने साथियो के साथ आकर मुझे जान से मार डालने की नियत से पिस्टल से मेरे तरफ निशाना साधकर फायर कर दिया जो गोली मॉल के बाहर मेरे बगल मे खडे मोबाईल पर बात कर रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति दिनेश कुमार तिवारी निवासी नेहरू नगर के सीने के पास गोली लगी। गोली चलाने के बाद वह तीनो लोग मोटर सायकल से भाग गये । फरि. की सूचना पर पुलिस ने अपराध क्र. 157/24 धारा 307,34 ताहि. 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण की सघन विवेचना प्रारंभ कर दी।गोली चलने की सूचना मिलने पर तत्काल थाना समान पुलिस व्दारा मौके पर पहुंचकर घायल दिनेश कुमार तिवारी जिनके सीने में गोली लगी थी उपचार हेतु तुरन्त अस्पताल रीवा मे भर्ती कराया गया था तभी एवं गोली चलाने वाले आरापियो की पता तलास प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान तीनो आरोपियो की पता तलाश हेतु प्राप्त साक्ष्यो के आधार पर विशेष टीम गठित कर रीवा सहित इन्दौर, पीथमपुर, सतना एवं दिल्ली भेजकर लगातार पता तलाश हेतु दबिश दी जा रही थी। पुलिस को मुखबिर व्दारा सूचना मिलने पर दिनांक 09.05.24 को आरोपी रोशन गुप्ता उर्फ राक्स पिता स्व विकास गुप्ता उम्र 21 वर्ष निवासी अमहिया व अनुज दुबे पिता अर्जुन दुबे उम्र 20 वर्ष निवासी पुरानी पोखरी टोला राम निरंजन नगर थाना सामान सहित सुजल मिश्रा पिता राजगोपाल मिश्रा उम्र 19 वर्ष निवासी बांसघाट थाना सिविल लाइन को गिरफ्तार किया वही आरोपीगणो व्दारा पूछताछ पर दिनांक 22.04.24 को घटना किया जाना स्वीकार किया गया। समान पुलिस घटना में प्रयुक्त पिस्टल व मोटर सायकल की बरामदगी हेतु न्यायालय से आरोपीगणो का तीन दिन का पुलिस रिमान्ड लिया है। पुलिस आरोपी गणो से बारीकी से पूछताछ कर रही है वही उपरोक्त अपराध के संबंध में अन्य जानकारी एकत्र मे जुटी है।सामन पुलिस आरोपियो को फरारी के दौरान संरक्षण देने वाले व्यक्तियो की पहचान के साथ आरोपिये से इस संबंध मे भी पूछताछ कर रही गई कि उन्हे पिस्टल एवं राउन्ड कहां से मिली इसमें कितने बदमाश शमिल है गोलीकांड के मुख्यआरोपी रोशन गुप्ता उर्फ राक्स के जिला रीवा के विभिन्न थानो में कुल 15 अपराध दर्ज है एवं आरोपी अनुज दुबे के जिला रीवा के विभिन्न थानो में कुल 11 अपराध दर्ज है।






# तेज आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

रीवा





जिले मे भीषण गर्मी से जूझ रहे जिला वासियों को गुरुवार को राहत मिली। दोपहर तीन बजे के बाद मौसम बदला और आसमान में बादल छा गया। इसके बाद तेज रफतार हवा और आंधी चलने लगी जिससे अफरातफरी मच गई । शहर से लेकर गांव तक तेज आंधी का कहर जारी रहा। इसके बाद आधा घंटा तक झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। इससे पहले दिनभर गर्मी एवं उमस से लोग व्याकुल रहे। बुधवार को रिकार्ड तापमान 42 डिग्री पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री पर बना हुआ है। पिछले कई दिनों से खिल रही कड़ी धूप गुरूवार को धूमिल पड़ गई लेकिन गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिली है। तेज आंधी के दौरान शहर सहित ग्रामीण अंचलों में जगह-जगह विद्युत पोल और पेड़ सड़कों पर गिर पड़ा। इससे पूरे जिले में आपूर्ति कई घंटो तक बाधित हो रही । वही वार्ड क्रमांक 11 इंदिरा नगर में किरण ज्योति स्कूल के पीछे सड़क में खड़ी चार पहिया वाहन के ऊपर एक विशाल नीम का पेड़ गिर गया जिस कारण वाहन पूर्णता क्षतिग्रस्त हो गया।

## अनुसूचित जनजाति के 5684 विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

**रीवा।** शासन द्वारा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को प्री मैट्रिक तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति दी जाती है। रीवा संभाग में वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जनजाति के 5684 विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति देने के लिए आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं। इनमें से 4964 आवेदन पत्र निराकृत कर दिए गए हैं। एनपीसीआई पोर्टल बंद होने के कारण 720 आवेदन पत्र अभी भी लंबित हैं। रीवा जिले में कुल 1050 छात्रवृत्ति के आवेदन दर्ज किए गए। इनमे से 929 का निराकरण हो गया है। सतना जिले में दर्ज 954 आवेदनों में से 858 तथा सीधी जिले में दर्ज 2665 आवेदनों में से 2474 निराकृत हो गए हैं। सिंगरौली जिले में अनुसूचित जनजाति के 1015 विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया गया है। इनमें से 703 निराकृत कर दिए गए हैं। शेष 312 आवेदन पत्रों को पोर्टल के एक्टिव होने के बाद निराकृत किया जाएगा।

# पचपहरा में युवा साथियों के सहयोग से भैरवनाथ मंदिर का किया जा रहा जीर्णोद्धार



**रीवा ।** जिले मनगवां तहसील अंतर्गत ग्राम पचपहरा मढ़ी कला में रवि मिश्रा के मार्गदर्शन में सिद्ध बाबा भैरवनाथ के मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिसमे जिवेंद्र सिंह, धर्मेंद्र मिश्र के साथ कई युवा साथियों के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। युवा साथी जिवेन्द्र सिंह ने बताया कि मंदिर बहुत पुराना है जो आस पास रहने वाले लोगो के लिए आस्था का केंद्र था। आसपास के लोगो के साथ साथ कई शहरों के लोग अपनी मान्यताएं लेकर आते है। और उनकी मान्यताएं पूर्ण होती थी। ऐसा कहा जाता है लेकिन मंदिर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसमे श्रद्धालुओ को डर बना रहता था। लोगो के आस्था को देखते हुए पचपहरा के युवा साथियों के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है ताकि श्रद्धालु मंदिर में आकर पूजा अर्चना कर सके। इस सराहनीय कार्य की चारो ओर प्रशंसा हो रही है।

# नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा चलाया गया गीले कचरे से खाद बनाने का अभियान

रीवा




निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में होम कपोस्टिंग आभियान चलाया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से घरों से निकलने वाले गीले कचरे से नागरिकों को खाद बनाने के विधि के बारे में जानकारी दी गई साथ ही नागरिकों को बताया गया कि जो आप के घर से गीला कचरा निकलता है जैसे फल, फूल एवं सब्जी के छिलके आदि से आसानी से घर में ही खाद बनाया जा सकता है एवं खाद का उपयोग हम अपने घरों के बाग बगीचे में कर सकतें है इसके साथ ही उनको यह भी बताया गया कि अपने घर पर ही गीले कचरे से खाद बनाकर आप कैसे अपने घर का कचरा कम कर सकते है। आज रीवा शहर के कई ऐसे वॉर्ड है जो इस सुनहरे प्रयास से घरों पर ही खाद बनाते है और बाजार में बेचते है नगर निगम के इस प्रयास से कई लोगो को रोजगार का साधन मिला है। शहरवासियों के सहयोग से रीवा शहर स्वच्छ और सुन्दर बनेगा एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में रीवा शहर उच्चतम स्थान अर्जित करने का गौरव प्राप्त करेगा।

### 56 हजार 433 मैट्रिक टन गेहूं का किया जा चुका परिवहन

# जिले में अब तक 67 हजार 133 मैट्रिक टन गेहूं उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए जिले समस्त तहसीलों में स्थापित 85 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से बुधवार 8 मई तक की अवधि में कुल 67 हजार 133 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जाकर 56 हजार 433 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी किया जा चुका है।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में जिले के सभी उपार्जन केंद्रों मे उपार्जन का कार्य जारी है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपार्जित उपज का अविलंब परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने उपार्जन केंद्रों मे आवक रजिस्टर संधारित करने के साथ ही उपार्जन केंद्रों के लिये जारी नीति-निर्देशों के तहत केंद्रों मे छन्ना, पंखा, मॉइश्चर मीटर, परखी, तिरपाल एवं कृषकों के बैठने के लिए छायादार व्यवस्था तथा पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही राजस्व, खाद्य विभाग के अधिकारियों को निरंतर भ्रमण कर खरीदी केन्द्रों में कार्य का जायजा लेने के निर्देश दिए है।

**खरीदी एवं परिवहन में बहोरीबंद अव्वल**

जिले की समस्त तहसीलों में किये जा रहे उपार्जन कार्य मे बुधवार 8 मई की स्थिति में तहसील बहोरीबंद निरंतर बढत बनाए हुए है। तहसील बहोरीबंद मे अब तक कुल 3669 किसानों से 23 हजार 675 मैट्रिक टन गेंहू का उपार्जन कार्य किया जा चुका है इसमें से 20 हजार 519 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर काबिज तहसील ढीमरखेड़ा मे 3214 किसानों से 18 हजार 476 मैट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया जाकर 16 हजार 806 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी किया जा चुका है।

तीसरे नंबर पर तहसील स्लीमनाबाद द्वारा 1030 किसानों से कुल 7 हजार 76 मैट्रिक टन गेंहूं का उपार्जन किया जाकर 6 हजार 457 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। वहीं चौथे नंबर पर तहसील विजयराघवगढ़ में 758 किसानों से 5 हजार 539 मैट्रिक टन की खरीदी की जाकर 3 हजार 501 मैट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। इसी प्रकार पांचवे नंबर पर तहसील रीठी द्वारा 748 किसानों से 4 हजार 257 मैट्रिक टन उपार्जित किया जाकर 2 हजार 707 मैट्रिक टन गेंहूं का परिवहन भी किया जा चुका है।

छठवे नंबर पर तहसील बरही द्वारा 749 किसानों से 3 हजार 709 मैट्रिक टन की खरीदी उपरांत 2 हजार 342 मैट्रिक टन का परिवहन कार्य किया जा चुका है। वहीं सातवे नंबर पर तहसील कटनी में 381 किसानों से 2 हजार 580 मैट्रिक टन की खरीदी उपरांत दो हजार 568 मैट्रिक टन का उपर्जन के साथ ही बड़वारा तहसील में 8 मई की स्थिति में कुल 334 किसानों से 1821 मैट्रिक टन गेंहूं का उपार्जन किया जाकर 1 हजार 533 मैट्रिक टन गेंहू का परिवहन किया जा चुका है।

## खुले बोरवेल की शिकायतों के निराकरण हेतु जवाबदेही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खुले बोरवेल से संबंधित दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करने हेतु शासन द्वारा सी.एम.हेल्पलाइन पोर्टल पर नवीन मॉड्यूल शामिल किया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा सी.एम.हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से खुले बोरवेल से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर त्वरित गति से कार्यवाही करने हेतु उप विभागवार ग्रामीण, नगर निगम, नगर पालिका और नगर परिषद हेतु लेबल अधिकारी एल-1, एल-2 एवं एल-3 ऑफिसर नियुक्त किये है। उपरोक्त समस्त निकाय एवं क्षेत्र में प्राप्त शिकायतों की मॉनिटरिंग एल-4 ऑफिसर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कटनी द्वारा की जायेगी।

जारी आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्र में खुले बोरवेल से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु जनपद पंचायतों के सी.ई.ओ को एल-1 ऑफिसर, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को एल-2 ऑफिसर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को एल-3 ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत खुले बोरवेल से संबंधित शिकायतों हेतु उपयंत्री नगर निगम एल-1 ऑफिसर, कार्यपालन यंत्री एल-2 ऑफिसर, आयुक्त नगर निगम को एल-3 ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगर पालिका एवं नगर परिषद अंतर्गत खुले बोरवेल से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी को एल-1 अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ एवं बरही को एल-2 ऑफिसर, पी.ओ.डूडा को एल-3 ऑफिसर नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने नियुक्त समस्त लेबल अधिकारियों को क्षेत्रांतर्गत खुले बोरवेल से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निराकरण कराने निर्देशित किया है।

# बादल छाये और आंधी के साथ बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



गुरूवार को दोपहर के बाद मौसम अचानक से बदल गया। आसमान में बादल छा गए। शाम करीब साढ़े पांच बजे से तेज हवाएं चलने लगी। कहीं रिमझिम तो कहीं बारिश की तेज बौछारें पड़ी। चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी से परेशान लोगों को थोड़ी राहत मिली। हल्की बारिश होने के बाद ठंडी हवाएं चलने से मौसम सुहाना हो गया। बारिश होने से लोगों के चेहरों भी मुस्कान देखी गई। गुरूवार की शाम तेज आंधी तूफान के कारण पीरबाबा कटनी नदी पुल के समीप एक इमली के पेड़ की विशालकाय डाल टूट कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जा गिरी। यह तो गनीमत रही कि जिस समय डाल टूट कर सड़क पर गिरी उस दौरान वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था यदि ऐसा होता तो एक गंभीर हादसा हो सकता था। इमली की विशालकाय डाल टूट कर सड़क पर गिरने के कारण आवागमन प्रभावित हो गया। इस बात की सूचना पुलिस को मिली। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और राहत का कार्य शुरू कर दिया। यातायात कर्मियों की सक्रियता के चलते कुछ देर के अंदर ही सड़क पर टूटकर गिरी डाल को हटा दिया गया, जिससे आवागमन सुचारू हो गया।

यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि बुधवार शाम लगभग साढ़े 5 बजे फोन पर सूचना मिली कि पीर बाबा कटनी नदी पुल के समीप एक इमली के पेड़ की बड़ी डाल टूटकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर गई है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है।

## मशीन खराब होने से हफ्ते भर से नलों में नहीं आ रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्राम पंचायत कैलवारा कला के ग्राम गंगोटी टोला में नल जल योजना के तहत घरों के बाहर किये गये नल कनेक्शन से पिछले एक सप्ताह से नलों में पानी न आने से नल सूखे पड़े हैं। नल जल योजना की व्यवस्था चरमरा गई है। ग्रामीणों को हो रही समस्या को लेकर लोगों ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन उनकी समस्या का निदान अब तक नहीं किया जा सका। स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी समस्या के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि लगभग एक सप्ताह से मशीन खराब होने के कारण नल में पानी नहीं आ रहा है। जिसके कारण गर्मी में पानी की कमी से लोगों के हाल बेहाल है जिससे सभी की जीवन शैली प्रभावित हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में एक ही बोर है जिसके माध्यम से नल जल योजना के तहत सप्लाई दी जाती है एवं जिसमें पानी की कमी एवं किसी भी प्रकार की मशीनी खराबी होने पर अन्य जल स्त्रोत न होने के कारण लोगों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा एक अन्य जल स्त्रोत की भी मांग की गई थी जिस पर संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा एक अन्य बोर करवाने कहा गया था जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने इस समस्या के संबंध में विभाग के संबंधित अधिकारियों को शिकायत भी की। शिकायत करने के बाद भी सुधार कार्य नहीं किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस समस्या से निजात पाने के लिए जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से गुहार लगाई है।